## खबर संक्षेप

### मंत्रोच्चार के साथ हिंदू सम्मेलन का भूमिपूजन संपन्न

**सौंसर।** नगर में आगामी 1 फरवरी को आयोजित होने वाले 'विशाल हिंदू सम्मेलन' की तैयारियां अब युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम के निर्विघ्न और सफल आयोजन हेतु आज प्रस्तावित आयोजन स्थल पर पूर्ण विधि-विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने पूजन भूमि वंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं ने इस विराट आयोजन को शांतिपूर्ण, सफल और समाज को नई दिशा देने वाला बनाने का संकल्प लिया।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विशाल हिंदू सम्मेलन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और हिंदू समाज को संगठित करने के पावन उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसका मूल लक्ष्य समाज में एकता, भाईचारे और राष्ट्रहित की भावना को सशक्त करना है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

### बौद्ध विहार में हुआ पुरस्कारों का वितरण


**पारडसिंगा।** रविवार को ग्राम खैरीतायगावमें परीक्षा परिणाम घोषित गए है।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बुद्ध धर्म का प्रचार प्रसारों इस देश को लेकर बोधिसत्व विकास समिति के तत्वाधान में और बुद्धधम्म प्रचार समिति के सहयोग बुद्ध विहार में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार खैरितागाव के बौद्ध विहार में 23 नवंबर को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसके पुरस्कारों का वितरण हाल ही में किया गया था। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा अभिवादन एवं बुद्ध वंदना के साथ किया गया,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय. एल. ठवरे,मुरलीधर कामले, देवेंद्र बागडे, आनंद दुफ़ारे,राजेश बागडे मौजूद रहे।

## जिस सड़क की इंजीनियर को खबर नहीं, उस पर लाखों का भुगतान कैसे?

# क्रेशर चूरा, मिट्टी और फर्जी बिल यही है धूसावानी का 'विकास मॉडल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत तामिया सेक्टर की जनपद पंचायत की धूसावानी में विकास कार्यो के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है। पंचायत में महिला सरपंच निर्वाचित होने के बावजूद पंचायत का वास्तविक संचालन सरपंच पति द्वारा किए जाने की आरोप लग रहे है और इसी मनमानी का नतीजा हैकि पंचायत के निर्माण कार्यों में खुलेआम अनियमतितता बरती जा रही है। दरअसल मामला यह है कि ...



### अंधेरशाही की पराकाष्ठा देखना है तो धूसावानी अवश्य जाईये

अंधेरशाही की पराकाष्ठा तो तब हो गई जब एक उपयंत्री को यह पता नहीं कि उसकी साइट पर क्या हो रहा है, तो समझा जा सकता है कि 'कमीशन' का खेल किस स्तर तक खेला जा रहा है। यह न तो तंत्र का भला है और न ही लोकतंत्र का। प्रशासन को चाहिए कि कृष्ण ट्रेडर्स के बिलों, सरपंच पति की मनमानी और सचिव की मिलीभगत की उच्चस्तरीय जांच कराए।

तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत तामिया सेक्टर की ग्राम पंचायत धूसवानी जहां पर महिला सरपंच निर्वाचित है। इस कारण पंचायत का संचालन सरपंच पति द्वारा किया जा रहा है जिससे वो अपने मनमाने तरीके से पंचायत के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य में अनियमितावरत रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इसी ग्राम पंचायत के ग्राम राजढाना के छोटी ढाना में पांचवें वित्त आयोग की राशि से 200 मी सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसमें तकनीकी खामियां साफ देखी जा सकती हैं। रेत गिट्टी के नाम पर क्रेशर का चूरा उपयोग किया जा रहा है एवं रेत मिट्टी भी युक्त लगाई जा रही है। जिस कारण सीसी रोड की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि इस सड़क निर्माण की जानकारी उप यंत्री को ही नहीं है तो समझा जा सकता है कि बिना तकनीकी मार्गदर्शन के बन रही सड़क की गुणवत्ता कैसी होगी। इसमें सबसे अनोखा पहलू यह है कि 6 लाख की लागत से बन रही इस सड़क में सरपंच सचिव ने 28 नवंबर को कृष्ण ट्रेडर्स बिजोरी के बिल क्रमांक 311 में 122500 इसी तारीख में बिल क्रमांक 312 में एवं 11 दिसंबर को 105000 सरपंच सचिव ने इस तरह कृष्ण ट्रेडर्स के खाते में तीन लाख 5250 रुपए की निर्माण सामग्री खरीदी दर्शी गई है। जबकि निर्माण स्थल के आसपास में कहीं भी सीमेंट एवं खरीदी गई निर्माण सामग्री नजर नहीं आ रही है। इस तरह फर्जी बिल के माध्यम से निर्माण सामग्री के नाम पर निकाली गई राशि की जांच होनी चाहिए। वहीं 200 मीटर में से मात्र 70 मीटर सड़क बनाकर चार लाख से अधिक का दो महा पूर्व राशि निकालना भी इनके घोटाले की ओर इशारा साफ करता है। इसकी भी जांच होनी चाहिए एवं निर्माण सामग्री के बजाय फर्जी बिल देने वाले ट्रेडर्स से भी पूछताछ की जानी चाहिए जबकि वहां की मजदूर शारदा ठाकुर ने बतलाया कि हमें आज तक मजदूरी नहीं दी गई है। इस तरह सरपंच सचिव ने सड़क निर्माण में बगैर निर्माण किये राशि निकाली है। इसकी जांच की जाती है तो धूसावानी ग्राम पंचायत में सरपंच पति सचिव द्वारा किये गये बड़े फर्जी बाड़े उजागर होंगे।

### दो सौ मीटर की सड़क पर गंभीर तकनीकी खामियां

ग्राम पंचायत धूसावानी में ग्राम राजढाना की छोटी ढाना में पांचवें वित्त आयोग राशि से लगभग छह लाख रूपए की लागत से दो सौ मीटर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर रेत, गिट्टी के स्थान पर क्रेशर चूरा का उपयोग किया जा रहा है। गिट्टी युक्त रेत डाली जा रही है। सीमेंट रोड की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है और चौंकाने वाली बात यह है कि उपयंत्री को जानकारी नहीं है इसका मतलब साफ है कि बिना तकनीकी मार्गदर्शन के कार्य किया जा रहा है। फर्जी बिलों से लाखों की निकासी की जा रही है। 70 मीटर की सड़क पर चार लाख रूपए से ज्यादा की राशि निकाली गई है। जो सीधे तौर पर घोटाले की आशंका को मजबूत करता है।

### इनका कहना है

जब इस सीमेंट रोड निर्माण के संबंध में यहां के सचिव भागीरथ ऊईके.से चर्चा की गई तो उन्होंने बतलाया कि हम शीघ्र निर्माण सामग्री लाकर निर्माण कर करेंगे।

**भागीरथ प्रसाद ऊईके**, धूसावानी सचिव

इस सेक्टर की ऊप यंत्री ममता ठाकुर से इस बारे में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बतलाया कि पंचायत ने कब निर्माण शुरू कर दिया और कब भुगतान निकाल लिया इसकी मुझे जानकारी नहीं है मैं सरपंच सचिव से इस संबंध में जानकारी लूंगी।

**ममता ठाकुर**, उपयंत्री तामिया सेक्टर

## सांसद ने खेल मैदानों और भवनों के निर्माण की जानकारी लेकर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# खिलाड़ियों को मिली है 6 करोड़ के खेल परिसर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विकेट साहू ने इमलीखेड़ा मे आवंटित 20 एकड भुमि में 6 करोड़ 69 लाख की राशि से बनने जा रहे एकीकृत बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदानों और भवनों के निर्माण की जानकारी लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि 50 साल के लंबे इंतजार के बाद सांसद बंटी विकेट साहू की पहल पर जिले के खिलाडियों को 6 करोड़ 69 लाख की राशि से निर्मित होने वाले एकीकृत बहुउद्देशीय खेल परिसर की सौगात मिली है। सोमवार को सांसद ने इमलीखेड़ा मे आवंटित 20 एकड भुमि में बनने जा रहे इंटीग्रेटेड मल्टी पर्पज स्पोर्ट्स कंपलेक्स के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली एवं आवंटित मैदान स्थल का निरीक्षण किया। सांसद श्री साहू ने इमलीखेड़ा मे आवंटित 20 एकड भुमि में खेल मैदानों व भवनों के निर्माण के नक्से एवं डिजाईन का अवलोकन करते हुए खेल मैदानों के उच्च स्तरीय व सुव्यवस्थित निर्माण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए है।

### दो फेजों में होगें निर्माण कार्या

विदित हो कि विगत माह सांसद खेल महोत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सांसद बंटी विकेट साहू द्वारा की गई इस बहुप्रतीक्षित मांग को शासन की ओर से स्वीकृत कर दिया है। जिसके तहत 6 करोड़ 69 लाख की राशि स्वीकृत हुई है, जिसके अंतर्गत 20 एकड़ आवंटित भूमि में प्रथम फेज में एप्रोच रोड, प्रशासनिक भवन सहित इंडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स में बैडमिंटन, मल्टीपर्पस हॉल, योगा हॉल, टेबल टेनिस हॉल, फिटनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। वहीं द्वितीय फेज में 400 मी सिंथेटिक ट्रैक, फुटवॉल, स्विमिंग पूल कबड्डी, खो-खो ,वॉलीबॉल, सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण किया जाएगा।

### यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

इमलीखेड़ा मे आवंटित 20 एकड भुमि में 6 करोड़ 69 लाख की राशि से बनने जा रहे एकीकृत बहुउद्देशीय खेल परिसर के निरीक्षण के दौरान पिछडा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जागेंद्र अल्डक, रोगी कल्याण समिति के सदस्य चंद्रकुमार चंदू जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता राजु नरोटे, रोहित पटेल, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम एसडीओ महेश अहिरवार, उपयंत्री अंशुल धाकड़, जिला खेल अधिकारी के के चौरसिया, विकासखंड खेल प्रभारी राकेश चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कोल इंडिया सेवानिवृत कर्मचारी संघ समिति की हुई मासिक बैठक

**छिंदवाड़ा।** कोल इंडिया सेवानिवृत कर्मचारी संघ समिति की मासिक बैठक हुई इसमें बड़ी संख्या में पेंशनर एवं विधवा पेंशनर ने भाग लिया। आ जीवन अध्यक्ष श्री एस एल यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कोर्ट केस पेशी बढ़ जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जानकारी दी की 15 जनवरी 2026 को पेशी फिर बढ़ गई क्योंकि **chief justice India** का निरीक्षण हो गया उनकी आओ भगत में कर्मचारी लगे रहने के कारण पेशी दिनांक 28 जनवरी 2026 को रखी गई है।उन्होंने बताया के विगत 77 वर्षों में कॉल माइंस प्रोविडेंट फंड एक्ट 1948 संशोधन पहली बार हो रहा है यह एक ऐतिहासिक प्रयास है। अन्य वक्ताओं ने पेशी में देरी होने के कारणअनेकों बूढ़े पेंशनरों का देहांत होने से समाज बहुत दुखी है। बैठक का संचालन अध्यक्ष श्री हामिद खान श्री सहाय श्री ओपी सोनी अन्य ने अपने विचार रखें। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

### दमुआ कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**दमुआ।** क्षेत्र में में दूषित पानी के चलते आज दमुआ कांग्रेस परिवार द्वारा तहसीलदार साहब को अवगत कराया की दमुआ में दूषित पानी आ रहा है लोगों के घर पर एवं दमुआ क्षेत्र में कई जगह पाइपलाइन फुटी है उसका सुधार किया जाए निम्न बिंदुओं पर जल्द से जल्द ध्यान देने की मांग की दमुआ तहसीलदार साहब से जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ कांग्रेस युवा कांग्रेस एवं सभी कांग्रेस परिवार सम्मिलित रहे।

### नगर परिषद बड़कुही ने मनाया आनंद उत्सव




**परासिया :** नगर परिषद बडकुही में शासन के निर्देशानुसार सोमवार 19 जनवरी को आनंद उत्सव 2026 का आयोजन निकाय द्वारा नेहरु स्टेडियम बडकुही में किया गया । जिसका शुभारंभ न.पं. अध्यक्ष भारत डेहरिया , मुख्य नगर पालिका अधिकारी रंजीत अहाके , न.पं. उपाध्यक्ष हरिप्रसाद यदुवंशी, परिषद के सभापति एवं पार्षदों द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में परासिया विधानसभा विधायक सोहनलाल वाल्मीक उपस्थित हुए । आनंद उत्सव अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के छात्र - छात्राओं द्वारा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यकमों में भाग लिया गया । विजेता छात्र - छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया ।

### नेमा क्षारसूत्र ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्थानीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति द्वारा नेमा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं क्षारसूत्र संस्थान के सहयोग से संपन्न हुआ।शिविर के दौरान उपस्थित छात्रावास प्राचार्य श्री दिलीप ढोके ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्राओं का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास संतुलित रूप से हो सके।क्षारसूत्र संस्थान के निदेशक डॉ. पवन नेमा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। इससे अध्ययन कार्य प्रभावित नहीं होता और छात्राएं बेहतर शिक्षा ग्रहण कर पाती हैं।इस अवसर पर नेमा क्षारसूत्र की डॉ. रश्मि नेमा ने बताया कि वर्तमान समय में छात्राओं में हीमोग्लोबिन की कमी व्यापक रूप से देखने को मिल रही है, जिसका मुख्य कारण असंतुलित आहार है।

### आरपीएफ जुन्नारदेव ने चलाया जागरूकता अभियान



**परासिया:**आर. पी.एफ. पोस्ट जुन्नारदेव द्वारा परासिया स्टेशन पर तथा आने जाने वाली ट्रेन में यात्रियों को यात्रा के दौरान ज्वलनशील, विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा न करने बाबत समझाइश देकर जागरूकता अभियान चलाया गया एवं स्टेशन, प्लेटफॉर्म एरिया तथा ट्रेनों में चेक किया गया तथा परासिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांदीपनी स्कूल न्यूटन चीखली स्कूल में जाकर ग्रामीण नागरिक तथा स्कूल प्रबंधन टीचर्स व करीबन 300 छात्र-छात्राओं को जागरूकता अभियान के तहत समझाइस दिया गया कि यात्रा के दौरान ज्वलनशील विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा न करें, रेल लाइन क्रॉस ना करें,चलती ट्रेनों पर पत्थर ना फेके स्टोन पेंटिंग जैसी अपराधों के बारे में जानकारी देखकर जागरूक किया गया , महिला सुरक्षा स्मार्ट सहेली के बारे,मानव तस्करी के संबंध में तथा जहर खुरानी के संबंध में सावधान करते हुए उन्हें समझाइस दी गई जागरूकता अभियान चलाया गया यात्रा के दौरान संदिग्ध अवस्था में व्यक्ति तथा वस्तु दिखाई देने पर अथवा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए 139 पर रेल मदद हेतु संपर्क करने हेतु बताकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

## मात्र पांच रुपये में मिलेंगे विद्युत पम्पों के स्थाई कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि आज मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री सिन्हा जी एवं कार्यपालन यंत्री संजय सिंग के साथ विद्युत मंडल में शासन की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई । जिसमें बताया गया कि शासन की मंशा अनुसार पात्र किसानों को 5 रूपये में स्थाई कनेक्शन दिए जाएं तथा किसान उपभोक्ता 31 जनवरी तक समाधान योजना का भी लाभ उठाएं जिसमें सरचार्ज माफ कर दिया गया है जिन किसान तथा उपभोक्ताओं को किन्हीं कारण से विद्युत मंडल द्वारा रिकवरी की कार्यवाही की गई है वह समाधान योजना का लाभ उठा सकते है तथा मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी द्वारा सोलर पम्प पर 90 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है जिसका लाभ किसान उठा सकते है । प्रदेश में 32 लाख अस्थाई विद्युत पम्प कनेक्शन है आने वाले 3 साल में सभी पात्र किसानों को सोलर पम्प दिए जाएंगे । किसान को मात्र अपना 10 प्रतिशत का अनुदान जमा करना है तथा मंझरे-टोलों में भी कनेक्शन दिए जाएंगे।

### आधुनिक सिंचाई यंत्र कम्प्रेशर मॉडल मशीन का अविष्कार

**छिंदवाड़ा।** सर्वविदित है कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है । देश के 70 प्रतिशत लोग इससे जुड़े है । फिर भी सबसे ज्यादा दुर्दशा किसान की ही है । उन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जिले के ग्राम इमलिया बोहता के एक जागरूक किसान सूरज प्रसाद माहोरे ने उन्नत खेती के लिए कबाड़ से एक आधुनिक मशीन का अविष्कार किया है । जो सिंचाई के लिए और कृषि के लिए वरदान साबित होंगी । बहुत कम लागत पर किसानों को अनगिनत फायदे होंगे । कृषक सूरज प्रसाद माहोरे ने बताया कि इससे खाद , कीटनाशक , पानी का प्रेशर , समय , बिजली , श्रम की बचत होगी । इस तकनीक का प्रयोग करने से एक एकड़ में 1.50 क्विंटल खाद की जगह 20 kg खाद ही पर्याप्त है । लंबी दूरी पर पानी का प्रेशर बना रहता है । 5 HP की मोटर से सामान्यतः 50 - 60 स्प्रिंकलर चलते हैं।

### परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर पीजी कॉलेज प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा।** एन.एस.यू.आई प्रदेश महासचिव अपेक्षा सूर्यवंशी, एन.एस.यू.आई पीजी कॉलेज अध्यक्ष अर्पित तिवारी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पीजी कॉलेज प्रभारी करण धारे, महासचिव सुशील परतेती, हरिकृष्ण उईके, आशिक उसरेठे सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे। छात्र छात्राओं के द्वारा बताया गया कि विगत दिनों बी.ए. का परीक्षा परिणाम जारी हुआ था जिसमें फाउंडेशन कोर्स की कॉपी की जांच में बहुत अधिक अनियमितताएं पाई गई। उन सभी समस्याओं का समाधान करवाने के लिय आज महाविद्यालय प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि जल्द से जल्द इन सभी समस्याओं का निराकरण करवाए। यदि जल्द से जल्द निराकरण नहीं होता हे तो पीजी कॉलेज एन.एस.यू.आई एक बड़ा आंदोलन करेगी। लगातार महाविद्यालय प्रशासन को चेताया गया है कि परिक्षा परिणाम में गड़बड़ी न होवे परन्तु फिर भी लगातार कोई न कोई गड़बड़ी निकलकर सामने आ ही जा रही है।

## अविमुक्तेश्वरानंद का अपमान नहीं सहेगा समाजः संत समाज

**समस्त संत समाज व सनातन धर्म प्रेमी नागरिक बंधुओं ने जताया आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



धार्मिक आस्था, सभ्यता व संस्कृति की भूमि उत्तर प्रदेश में परम पूज्य जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के नन्हें बटुकों व बुजुर्ग साधु संतों के साथ उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारों पर पुलिस ने बर्बरता की है। यह परम पूज्य स्वामी व अन्य साधु संतों का नहीं बल्कि समस्त सनातन समाज का अपमान है। जिसके विरोध में समस्त संत समाज व सनातन धर्म प्रेमी नागरिक बंधुओं ने चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किए।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी अपने नन्हें बटुकों व बुजुर्ग साधु संतों के साथ मौनी अमावस्या के पुण्य अवसर पर घाट पर स्नान करने पहुंच रहे थे। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारो पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने बर्बरतापूर्वक बल प्रयोग व मारपीट करते हुए स्वामी जी, बटुकों व अन्य साधु संतों को स्नान करने से रोका गया। यह न केवल धार्मिक भावनाओं पर चोट है साथ ही समस्त सनातन समाज का भी घोर अपमान है। संतों, धर्मात्माओं व बटुकों पर बल प्रयोग कर उन्हें धार्मिक अनुष्ठान से वंचित करना लोकतंत्र, संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता की मूल भावना पर सीधी चोट है। धर्म की मूल भावना सभ्य व संस्कारवान लोकतंत्र की स्थापना करना होता है, किन्तु जब सरकारें धर्म पर प्रहार करेगी तो वह सरकार धर्म व सनातन विरोधी कहलाती है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रस्तुत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा स्वामी जी व संत समाज के साथ किया गया यह व्यवहार केवल स्वामी जी नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति व आस्था पर सीधी चोट है। यदि इस प्रकार की घटनाओं पर समय रहते ठोस कार्यवाही नहीं हुई, तो यह भविष्य में सामाजिक एकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# संकल्प से समाधान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई और शीघ्र निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गये। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से संबंधित लंबित मामलों की भी गहन समीक्षा की।

कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निराकरण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत नोट अटैंड नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीएम कार्यालय, सीएम हाउस एवं अन्य उच्चस्तरीय कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिनके भी पुराने प्रकरण लंबित हैं, इस सप्ताह सभी में जवाब चला जाए।

### संकल्प से समाधान का जिले में हो प्रभावी क्रियान्वयन

बैठक में जिले में संचालित "संकल्प से समाधान" अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के लिए यह अभियान प्रदेशभर में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेकर उन्हें योजनाओं के लाभ प्रदाय किए जा सकें। अभियान के तहत आवेदन प्राप्त करने का यह पहला चरण 15 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उनके आवेदन प्राप्त किए जाएं और पात्रता अनुरूप लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण हो तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान के बाद यदि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित पाया जाएगा, तो संबंधित विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसीलिए अभियान के संबंध में अंतिम छोर के व्यक्ति तक व्यापक जागरूकता फैलाएं।

## कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने जारी किए आदेश

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पांढुर्णा में लाउडस्पीकर और डीजे पर सख्त प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज 19 जनवरी कोपांढुर्णा जिले में आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं स्थानीय निकायों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से  कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी  नीरज कुमार वशिष्ठ ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत जिले की समस्त राजस्व सीमाओं में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण का आदेश जारी किया है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध

जिले के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर लाउडस्पीकर, एम्पलीफायर अथवा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः रोक रहेगी।परीक्षा केंद्रों और शैक्षणिक संस्थानों की 100 मीटर की परिधि को शांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार का शोर, पटाखे फोड़ना अथवा ध्वनि प्रदूषण फैलाना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

### शादी-जुलूसों में डीजे प्रतिबंधित

परीक्षा अवधि के दौरान वैवाहिक कार्यक्रमों, जुलूसों अथवा अन्य आयोजनों में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। धार्मिक या शासकीय आयोजनों में केवल अनुविभागीय दंडाधिकारी (SDM) की लिखित पूर्व अनुमति प्राप्त होने पर ही ध्वनि उपकरणों का सीमित उपयोग किया जा सकेगा। यह अनुमति भी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक मान्य नहीं होगी तथा ध्वनि की तीव्रता निर्धारित डेसिबल सीमा (40–50 dB) के भीतर रखना अनिवार्य होगा।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितग्राही मूल योजनाओं की दी गई जानकारी



**जुन्नारदेव।** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाकर हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के अनुरूप लाभ शासन द्वारा प्रदाय किए जाने के परिपेक्ष में निकाय स्तर पर नगरीय क्षेत्र में प्रथम चरण के रूप में 12 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक शिविरों के माध्यम से एवं दलगठित कर आवेदनों एवं शिकायतों को घर-घर जाकर व शिविर लगाकर एकत्रित कर संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है संकल्प से समाधान अभियान मे वार्ड क्रमांक 1 से प्रारंभ किया जाकर क्रमशः वार्ड क्रमांक 18 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज दिनांक 19/ 1 /2026 को वार्ड क्रमांक 3 का शिविर नगर पालिका प्रांगण में किया गया है जिसमें सभी विभागों के कर्मचारियों के द्वारा हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है आज के शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे, सीएमओ श्रीमती नेहा धुर्वे और नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे, आवेदक गणों की समस्याएं सुनी आवेदन प्राप्त कर 24 घंटे में निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग व मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ श्री गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र नगर मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित पहली पायरी  जुन्नारदेव विशाला की अविरल जलधारा के पास स्थित श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर समिति द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं मां दुर्गाजी की प्राण प्रतिष्ठा का श्री गणेश सोमवार 19 जनवरी से पूजन अर्चन उपरांत भाव जल कलश यात्रा निकालकर किया गया।

इस छह दिवसीय आयोजन में प्रति दिवस हवन, पूजन एवं धार्मिक विधि विधान के कार्य पंडित प्रीतम प्रसाद त्रिवेदी, पंडित शास्त्री संतोष तिवारी एवं पंडित विकास तिवारी (विक्की महाराज) के संयोजन में किया जाएगा। पूजन अर्चन के उपरांत निकल गई भव्य जल कलश यात्रा में हजारों की संख्या में नगर सहित समूचे जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र एवं अन्यत्र स्थलों से भी श्रद्धालु विशाला मंदिर पहुंचे जहां पर पूजन अर्चन उपरांत जल कलश यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान शिव माता पार्वती के जयकारे लगाए गए। ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करने के उपरांत जल कलश यात्रा का मंडप प्रवेश कराया गया 20 जनवरी से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे जहां पर द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापना के साथ माता दुर्गा प्रतिमा की स्थापना का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। मंगलवार 20 जनवरी 2026 को मंडप पूजन एवं जलाधिवास का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। 21 जनवरी 2026 को श्री राम मंदिर, जुन्नारदेव से नगर भ्रमण, अन्नाधीवास, श्याधिवास एवं आदि पूजन प्रारंभ होगा। दिनांक 22 जनवरी 2026 को 81 कलश से समस्त औषधि और तीर्थ जलाधि एवं द्रत विधि स्नान और न्यास कार्यक्रम होगा। 23 जनवरी 2026 को जीव न्यास एवं अचल प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 24 जनवरी 2026 को समस्त देव पूजन, हवन और पूर्णाहुति दी जाएगी तत्पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति ने क्षेत्र की समस्त धर्म प्रेमी जनता से धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# आनंद-फायटर जोड़ी ने जीता प्रथम पुरूस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र खैरीतायगांव के पट मेला ग्राउंड पर आयोजित तीन दिवसीय भव्य शंकर पट मेले का पुरस्कार वितरण के साथ रंगारंग समापन हुआ। इस रोमांचक प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के मालेगांव के किसान अभिजीत राठौड़ की 'आनंद और फायटर' की जोड़ी ने अपनी रफ्तार का जलवा बिखेरते हुए प्रथम पुरस्कार (मोटर सायकल) पर कब्जा जमाया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि निस्वार्थ भाव से जनसेवा करने वालों से ही समाज की प्रगति होती है। पट पुरस्कार केवल जीत नहीं, बल्कि किसानों के संघर्ष, परिश्रम और पशुओं के प्रति उनके समर्पण का सार्वजनिक सम्मान है। प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के किसानों ने बाजी मारी जिंसमे प्रथम अभिजीत राठौड़ आनंद-फायटर मालेगाव,द्वितीय धनराज चौधरी भैरव-राजा (सौंसर) 41,000,तृतीय रोशन वाघमारे तीनखेड़ा,नितीन कामडी,नकद,पंचम धनराज वसू, तेलकामठी, ददू महाजन,सप्तम,नितीन चाफेकर खैरीतायगांव को दिया गया,पर प्रतियोगिता में प्रमुख रूप सेमंच पर विधायक विजय चौरे पूर्व राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहड़, जिला पंचायत सदस्य निलीमा पाटील, रेमण्ड वूलन मिल्स के कार्यकारी निदेशक जितेन्द्र शर्मा, उद्योगपति मोहन ताजने, सरपंच चंद्रशेखर कहाते, भोजराज धोतके,माधव ठाकरे,शंकर पट मेला कमेटी के अध्यक्ष अमानउल्ला खान, रमेश साखरे, बाबा बागडे, धनराज नारनवरे, लक्ष्मीदास बोरकर, मारोती अंबोरे, नामदेव भुजबल,सुनिल पिंजारे ,आनंद दुफारे,आदि थे।

## भवानी माता मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**सौंसर।** नर सेवा ही नारायण सेवा है,इसी ध्येय को चरितार्थ करते हुए जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान द्वारा 'जीवनदान महाकुंभ' थीम के अंतर्गत भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भवानी माता मंदिर परिसर सौसर में आयोजित इस शिविर में समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए 59 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।संस्थान के युवा प्रमुख निकेश काले ने बताया कि इस महाकुंभ में एकत्रित कुल 59 यूनिट रक्त सिविल अस्पताल सौसर के ब्लड बैंक को सुपुर्द किया गया है। इस रक्त का उपयोग मुख्य रूप से सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों, गर्भवती माताओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के जीवन को बचाने के लिए किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश आर. शुक्ला, छिंदवाड़ा निरीक्षक राजेंद्र ठाकरे, जिला अध्यक्ष मुरलीधर चावके, युवा प्रमुख निकेश काले,महिला अध्यक्ष प्रेमलता ठवरे की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान संस्थान के कर्मठ सदस्यों मुरलीधर बोबडे, सुधाकर आकोटकर, रूपेश चावके, गौरव भोयर, मकरंद केलकर, धीरज आकोटकर सूरज ठाकरे आदि का योगदान रहा।

## सेवानिवृत्ति प्राध्यापक ने विद्यार्थियों को बताएं परीक्षा में सफलता के उपाय



**जुन्नारदेव।** नगर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय जुन्नारदेव में सोमवार 19 जनवरी को सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉक्टर प्रकाश अजवानी द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। उनके द्वारा परीक्षा में किस प्रकार सफलता प्राप्त की जा सकती है इस संबंध में बताया कि विद्यार्थियों के अंदर आवश्यक कौशल होना आवश्यक है जिसमें राइटिंग स्किल लिखने की कला, आंसर बुक उत्तर पुस्तिका लिखने का कौशल, अच्छा उत्तर लिखने की कला, मेंटल प्रिपरेशन मानसिक कौशल, फिजिकल प्रिपरेशन शारीरिक कौशल के माध्यम से विद्यार्थी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी यह सब गुण विद्यार्थियों में होने आवश्यक है जिनके माध्यम से विद्यार्थी सफलता के सोपानों को चढ़ सकता है। विद्यार्थियों को दिए गए मार्गदर्शन के अवसर पर महाविद्यालय के संचालक नीलेश शुक्ला, प्राचार्य नीरज जावलकर महाविद्यालय स्टाफ से नितिन जावलकर, शुभम विश्वकर्मा, दीपिका सूर्यवंशी, कनिष्क सहारे, युविका गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था। इस अवसर पर डॉक्टर प्रकाश अजवानी द्वारा विद्यार्थियों को दी गई सिख को देखकर विद्यालय संचालक नीलेश शुक्ला, नीरज जावलकर अपने भूतवर्व शिक्षक को देख कर भावुक हो गए।

# भारतीय बौद्ध महासभा आलेझरी(वारासिवनी)सर्कल शाखा का पुनर्गठन संपन्न

## तिलक गजभिय अध्यक्ष मनीष मेश्राम महामंत्री प्रकाश गनवीर



### बाबासाहेब के सम्यक संकल्प की पूर्ति हेतु धम्म संस्था निरंतर क्रियाशील है- डॉ.चरनदास ढेंगरे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में बौद्धों की सर्वोच्च सामाजिक एवं धार्मिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा के माध्यम निरंतर धम्म का करवा गतिमान हो रहा है,इसी क्रम में दिनांक 18/01/2026 दिन रविवार को संस्था की सर्कल शाखा आलेझरी(वारासिवनी)का पुनर्गठन समारोह सम्पन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा मप्र,अध्यक्षता आर.डी. बनसोड जी तहसील अध्यक्ष वारासिवनी,विशेष अतिथि अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट,खुशियाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष एवं बौद्धाचार्य,आर डी देशभरतार जी जिला सचिव,मुकेश पटले नगर अध्यक्ष वारासिवनी एवं आलेझरी मुख्यालय सहित एकोडी, रेंगटोला,जागपुर, कासपुर,हड़कीटोला,लिंगमारा, केरा, मंगेझरी आदि ग्राम शाखाओं के उपासक उपासिकाएं भारी संख्या में शामिल रहे।सामूहिक पूजा वंदना,अतिथियों के सत्कार के बाद सभी अतिथियों ने संगठन,उद्देश्य एवं उद्देश्यों की पूर्ति की जाने हेतु जानकारियां दी।मुख्य अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे जी ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी के सम्यक संकल्प की पूर्ति हेतु धम्म संस्था निरंतर क्रियाशील है।अंत में आर डी बनासोड तहसील अध्यक्ष वारासिवनी द्वारा पूर्व शाखा को भंग कर शाखा पुनर्गठन की कार्यवाही सम्पन्न कर  कार्यकारिणी की घोषणा की,सभी ने सहमति पत्र देकर निष्ठा से क्षेत्र में धम्म संस्था के माध्यम से धम्म कार्य गतिमान करने का संकल्प लिया,चयनित पदाधिकारी यो में अध्यक्ष तिलक गजभिए,महामंत्री मनीष मेश्राम,कोषाध्यक्ष जयप्रकाश गणवीर,उपाध्यक्ष दिलीप बागड़े, आयुनी ममता वाहने,सपना बारमाटे,संतोष गौरे,कार्य,सचिव योगेश मेश्राम,सचिव विजेंद्र हिरकने,अनिल डोंगरे,श्यामलता भीमटे,आरती वार्षिकर,भूमिका पटले, तीर्थराज मेश्राम,ऑडिटर रामदयाल बागड़े,संगठक अनमोल मेश्राम,एवन नंदगवली,शोभाराम गजभिए,संगीता वर्षीकर,लकेश मेश्राम,सदस्य सत्यम गजभिय,अनमोल मेश्राम एवं अनिकेत मेश्राम आदि की नियुक्तिया की गई।

## वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार, लांजी वन विभाग पश्चिम की घटना

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चीतल की मौत!

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी परिक्षेत्र के काशी टोला बिट में एक चीतल के बच्चे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाती है, क्योंकि यह घटना लगातार बढ़ रहे वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता का कारण बन रही है। लांजी वन परिक्षेत्र  पश्चिम के अंतर्गत काशीटोला बिट में सतीटोला से बगदेही मुख्य मार्ग पर सोमवार 19 जनवरी को करीब 2 बजे एक चीतल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।वन विभाग ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया और मामले की जांच जारी है, जो कि जंगली जानवरों के साथ वाहनों की टक्कर से होने वाली मौतों की एक दुखद घटना है. जानकारी के अनुसार, लांजी वन परिक्षेत्र पश्चिम के अंतर्गत काशीटोला बिट में सतीटोला से बगदेही मुख्य मार्ग पर सोमवार को करीब 2 बजे एक चीतल को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। चीतल को घायल अवस्था में जंगल के अंदर अज्ञात वाहन चालकों के द्वारा तड़पता हुआ छोड़ दिया गया । इसी दौरान लांजी से सती टोला लौट रहे स्थानीय युवक योगेश चंद्रवंशी एवं उसका एक साथी की नजर चीतल पर पड़ी। उन्होंने अपने साथी की मदद से घायल चीतल को पानी पिलाया और शरीर पर हाथ फेरकर उसे सराहा।पशु प्रेमी योगेश चंद्रवंशी एवं उनके साथी ने इस घटना की जानकारी तुरंत ही वन विभाग के अधिकारियों को दी । जिस पर वन विभाग पश्चिम रेंजर सपन ताम्रकार के द्वारा अपने कर्मी डिप्टी रेंजर पवन पटेल एवं अमरनाथ नंदा बीट प्रभारी को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। वन विभाग के कर्मियों के  मौका स्थल पहुंचने के पूर्व ही चीतल  के बच्चे ने तड़प तड़प कर घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। जिसे डिप्टी रेंजर और बिट प्रभारी के द्वारा उठाकर निस्तार डिपो परिसर लाया गया। जहां पशु चिकित्सक श्रेयांश वासनिक के द्वारा मृत चितल का पोस्टमार्टम किया गया पोस्टमार्टम के दौरान वन विभाग से डिप्टी रेंजर पवन पटेल बीट प्रभारी अमरनाथ नंदा वकील आशीष निवारी एवं वन विभाग के चौकीदार उपस्थित रहे।

# लगातार बदल रही है सरकारी स्कूलों की तस्वीर, पुलिस और जनता के बीच रिश्ते हुए और मजबूत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नक्सली उन्मूलन के तहत नक्सलियों से समर्पण के बाद भी नक्सल प्रभावित इन ग्रामों के लोगों को फोर्स और पुलिस के जवानों ने भुलाया नहीं है बल्कि ओर भी बढ़ चढ़कर सेवा कार्य में जुटी है। पुलिस कप्तान आदित्य मिश्रा की अभिनव पहल के बाद नक्सल प्रभावित वनांचल ग्रामों के शासकीय स्कूलों की लगातार तस्वीर बदल रही है। कभी जर्जर और खंडहर जैसे दिखने वाले शासकीय स्कूलों की चमक दमक अब देखते ही बनती है। इसी कड़ी में पुलिस थाना लांजी को भी इस सेवा कार्य में जुडने का अवसर देते हुए 5 स्कूलों को संवारने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने दी है। जानकारी अनुसार पुलिस थाना लांजी के जवानों को ग्राम मेंड्रा, भक्कूटोला, पेंदीटोला, पीपलगांव कला एवं सिर्री के शासकीय स्कूलों को संवारने का दायित्व मिला है।



जिसके बाद पुलिस जवानों ने भी इस जवाबदारी को बखूबी निभाते हुए ग्राम मेंड्रा के शासकीय स्कूल से शुरूआत की है और जिस तरह स्कूल परिसर को संवारा है वह काबिले तारीफ है। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए लांजी थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने बताया की पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की इस अभिनव पहल से सभी पुलिस जवानों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और हमे जो जिम्मेदारी मिली है उसे हमारे द्वारा सेवाकार्य के रूप में किया जा रहा है। उन्होने बताया की शासकीय शालाओं को संवारने के दौरान ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग उन्हें मिल रहा है और वे स्वयं अपनी ईच्छा से शाला भवनों में श्रमदान कर रहे है जिससे हमारे इस कार्य को अच्छी तरह करने में मदद मिल रही है। श्री परमार ने बताया की आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पूर्व जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और वंनाचल क्षेत्रों के सभी शासकीय स्कूलों की तस्वीर पुलिस प्रशासन बदलने की मंशा से कार्य कर रहा है जिसमें हमारे वरिष्ठ अधिकारियों का निर्देश और मार्गदर्शन हमे बखूबी मिल रहा है।

## आज होगा मूलनायक विमलनाथ भगवान का महामस्ताभिषेक

# प्रथम पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव पर 4 दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



श्री दिगम्बर जैन मंदिर वारासिवनी में 17 जनवरी से 20 जनवरी तक चार दिवसीय मांगलिक धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। एक वर्ष पूर्व 2025 में सानन्द सम्पन्न हुए पंचकल्याणक एवम् जिन बिम्ब प्रतिष्ठा महामहोत्सव की स्वर्णिम स्मृतियों को ताजा करते हुए कार्यक्रम प्रारम्भ हुए।

इस 4 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रातः साढ़े 7 बजे अभिषेक पूजन, आचार्य श्री के छाया चित्र का अनावरण दीप प्रज्जवलन किया गया। जैन समाज की गौरव वारासिवनी जनपद पंचायत की सीईओ सुश्री दीक्षा जैन के स्थानांतरण होने पर उन्हें समाज द्वारा उनके कार्यो व अविस्मरणीय योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गयी। सुश्री दीक्षा जैन द्वारा मन्दिर जी में भगवान के अभिषेक हेतु भव्य पाण्डुक शिला भेंट की गयी। जिसके लिए सकल समाज ने उन्हें साधुवाद दिया। साधु संतों के विहार में सतत परिश्रम करने वाले इन्जीनियर निवेश जैन एवं विनीत जैन का भी सम्मान किया गया।

भक्तामर विधान द्वारा सम्पूर्ण विश्व में शांति की मंगल भावना एवम् सभी जीवों के कल्याण की कामना की गयी। तत्पश्चात बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर लाडू चढ़ाए गये। सकल समाज के सभी सदस्यों ने इस मांगलिक धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।

दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि 2025 में निर्यापक श्रमण 108 श्री समता सागर जी के सानिध्य में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की परम अनुकम्पा एवम् आचार्य श्री 108 समय सागर जी के आशीर्वाद से भव्य पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव सम्पन्न हुआ था। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा प्रथम पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें 17 से 19 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः संगीतमय भक्तामर विधान पूजन एवम् रात्रि में महाआरती एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। 20 जनवरी को प्रातः नवीन पाषाण जिनालय में मूलनायक विमलनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक किया जायेगा। कार्यक्रम में विधानाचार्य/संगीतकार पूनमचन्द जैन एवम् सन्दीप जैन का सानिध्य प्राप्त हो रहा है।

## मिरगपुर में साहित्यक व सामाजिक संस्था ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# प्रतिभावान विधार्थी, समाजसेवी व साहित्यकारो किया गया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

इनायत साहित्यिक सामाजिक संस्था मिरगपुर  के तत्वावधान में वार्षिक स्नेहल सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी रविवार को किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कार संस्था की तरफ से वितरित किया गया। बताया गया की  मेधावी छात्र सम्मान 2025 से स्नेहा देवेंद्र पटले 12वीं ,स्वाति विनोद जामुनपाने 12वीं ,चैतन्य लखन लाल लांजेवार दसवीं, लयश्री मोलेश भैरम दसवीं को सम्मान पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता सम्मान 2025 से सुरेंद्र गजभिए कटंगी बालाघाट और राहुल भूरे नांदी को सम्मान पत्र और शील्ड देखकर सम्मानित किया गया। रवि देशमुख समाज सेवी सम्मान 2025 ,सामाजिक कार्यकर्ता शरद  पांडे कुंम्हली और अनिल देवेंद्र मदारकर गोंदिया को सम्मान पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही तिजुलाल कृषक सम्मान, साहित्य सृजन एंव श्रमवीर सम्मान 2025 प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे प्रख्यात कवि और साहित्यकारो के द्वारा काव्य पाठ किया गया।जिससे सुनकर त्रोतागण आनंदित और मंत्रमुग्ध हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिला बाल विकास सभापति केसर बाई बिसेन, मिरगपुर सरपंच दिपक देशमुख, मोहगांवघाट सरपंच दुर्गेश पारधी, समाजसेवी यशील देशमुख, निखिलेश यादव साहित्यकार गोंदिया, दिपक पुष्पतोडे संयोजक पठार सर्घष समिती, अलोक पाटील जनपद सदस्य, अल्का संतोष मेश्राम उपसरपंच मिरगपुर, शैलेश इनायत,राज राहांगडाले,मंगेश साहू,संजय अश्क,उषा देशमुख,शुभम गेडाम,रोहित पंद्रे, अंकित मेश्राम,निकिता ठाकरे सहित अन्य संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सांदीपनि विद्यालय में भारतीय सेना स्थापना दिवस मनाया गया

**वारासिवनी।** भारतीय सेना स्थापना दिवस के 78 वॉ सेना दिवस के अवसर पर सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी टूप नंबर 278 के एनसीसी केडेट्स द्वारा 6 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्ट कर्नल विनीत कमल  गुप्ता के आदेशानुसार एनसीसी केडेट्स ने भारतीय सेना के पराक्रम, त्याग, समर्पण एवम सेना के बहुमूल्य योगदान पर कविता भाषण नृत्य आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी श्रीमती अन्नू राहंगडाले, वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती वंदना शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक लखन रिनायत, कमल टेम्भरे, श्रीमती स्वाति बारमाटे, श्रीमती आर्शी कादरी आदि शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी केडेट् पूजा राहंगडाले ने नृत्य, अवनी देशमुख ने कविता तथा कल्याणी सोनवाने ने भाषण द्वारा भारतीय सैनिकों को सेना दिवस पर याद किया।

## खबर संक्षेप

### भटेखारी में 22 जनवरी से शिव महापुराण कथा और रुद्र यज्ञ का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत भटेखारी के हनुमान मंदिर परिसर में आगामी 22 जनवरी से संगीतमय शिव महापुराण कथा एवं रुद्र यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्र के श्रद्धालु भक्ति रस का आनंद लेंगे।आयोजन का शुभारंभ 22 जनवरी को सुबह 10 बजे कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे तक रुद्राभिषेक व शिवपुराण परायण संपन्न होगा, जिसके पश्चात दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रोता संगीतमय कथा का रसपान कर सकेंगे।

इस नौ दिवसीय अनुष्ठान का समापन 30 जनवरी (शुक्रवार) को सुबह 10 बजे पूर्णाहुति हवन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन समिति और समस्त ग्राम पंचायत भटेखारी ने धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### जल सुनवाई आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल सुनवाई का आयोजन दिनांक 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को स्थान - भैरोगंज महामाया वार्ड सोमवारी चौक, शिव मंदिर के पीछे सिवनी में प्रातः 11 बजे किया जा रहा है जिसमें आम नागरिकगण अपने वार्डों के जल से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतें लेकर उक्त शिविर में पहुंच सकतें है। जिसका उचित निराकरण नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया जावेगा।

# साईं पादुका यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





## शहर के विभिन्न स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत

ससाईं बाबा की मूल चरण पादुका के दिव्य दर्शन हेतु निकाली गई साईं पादुका यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस यात्रा ने पूरे शहर को साईंमय बना दिया। जैसे ही साईं पादुका यात्रा नगर में प्रवेश हुई, जय साईं राम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

यात्रा के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी, दीप प्रज्वलित किए और साईं बाबा के भजनों के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

साईं पादुका यात्रा के स्वागत हेतु विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने सेवा शिविर लगाए, जहां श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूरे मार्ग को आकर्षक सजावट, बैनर-पोस्टर और साईं ध्वजों से सजाया गया था, जिससे शहर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

आयोजकों के अनुसार, यह यात्रा साईं बाबा के प्रति लोगों की गहरी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। साईं उत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भजन संध्या, पूजन-अर्चन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

साईं पादुका यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया बल्कि आपसी भाईचारे और सामूहिक सहभागिता का भी सुंदर संदेश दिया।

### हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सोमवार को स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक बच्चों को पढने के लिए जब वे स्कूल पहुंचे और बच्चों को पढा रहे थे तभी उन्हें अचानक बहुत तेजी से घबराहट हुई और पसीना निकलने लगा। मौजूद स्टाफ ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी व उपचार के लिए सिवनी के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बेहतर जांच के लिए डॉक्टर ने जिला अस्पताल ले जाने की बात कही। परिजन जब जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत बाकी के समीप गांव जुरतरा निवासी व शिक्षक कॉलोनी बंडोल के 60 वर्षीय शिक्षक जगराम उइके पिता घंशु उइके प्रतिदिन की भांति वे बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मोठार स्कूल पहुंचे। दोपहर लगभग 12 बजे अचानक उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ी व घबराहट हुई व पसीना निकलने लगा। स्कूल के स्टाफ के अन्य शिक्षक ने उनके भतीजे अंकित हुई के को इसकी सूचना दी व सभी इलाज में जुड़ गए।शिक्षक जगराम उइके को उपचार के लिए पहले बारापत्थर क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल सिवनी जांच के लिए भिजवा दिया। यहां पदस्थ डॉक्टर ने जांच के उपरांत शिक्षक जगराम को मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत के बाद गांव में शोक की खबर फैल गई है। वहीं परिजनों के मुताबिक उनकी दो बेटी हैं व एक पुत्र इंदौर में है।

विधायक के मुख्य आतिथ्य में हुआ विशाल ईनामी दंगल का आयोजन

# कुश्ती केवल एक खेल नही हमारे अनुशासन, धैर्य और शक्ति का प्रतीक-दिनेश राय मुनमुन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**- विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया गया। आज जिला मुख्यालय सिवनी स्थित पीजी कालेज मैदान पर भैरोगंज दंगल आयोजन समिति द्वारा आयोजित विशाल ईनामी दंगल कार्यक्रम का आयोजन भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। जहां कार्यक्रम मे पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा आगवानी कर शाल, श्रीफल भेंटकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से फीता काट कर दंगल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने संबोधित करते हुए कहा कि कुश्ती केवल एक खेल नहीं है यह हमारे अनुशासन, धैर्य और शक्ति का प्रतीक है। जब एक पहलवान अखाड़े की मिट्टी अपने माथे पर लगाता है, तो वह केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि अपनी मेहनत और अपने गुरु के सम्मान के लिए लड़ता है। आज के समय में जहां युवा तकनीक और मोबाइल में खोए हुए है वहां अखाड़े की यह मिट्टी हमें अनुशासन और शारीरिक सौष्ठव का संदेश देती है। जीत और हार तो खेल का हिस्सा है लेकिन जो इस मैदान में उतरता है, वही असली विजेता कहलाता है।



विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सभी पहलवान पूरे खेल भाव से खेलें तथा अपनी कला का प्रदर्शन करें और अपनी इस मेहनत को देश के लिए मेडल जीतने का माध्यम बनाएं। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि यहां पर विभिन्न दंगल समितियों के पदाधिकारी गण भी उपस्थित है। मै उन सभी से कहना चाहता हूं कि सिवनी विधानसभा के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे आयोजित किये जाने वाले सभी दंगल समितियों द्वारा जो मुझसे पुरुस्कार व सहयोग लिया जाता है अगर मुझसे दंगल आयोजन के लिए पुरस्कार सहयोग राशि न लें। तथा सभी दंगल समितियां अपनी सहमति प्रदान करें। तो सिवनी विधानसभा मे प्रत्येक वर्ष एक इंटरनेशनल दंगल का आयोजन मेरे स्वयं के व्यय पर कराने की घोषणा करता हूं। जिसमें किसी से भी कोई दान व सहयोग नही लिया जाएगा। और उस दंगल के आयोजन मे विधानसभा क्षेत्र की सभी समितियां मिलकर दंगल का संचालन करेंगी।

उक्त आयोजन से हमारे युवा पहलवानों को खेलने एवं सीखने को मिलेगा। तथा इंटरनेशनल पहलवानों की प्रतिभा देखने का मौका मिलेगा। इसी के साथ दिनेश राय मुनमुन ने जिन्होंने अपनी माटी के इस खेल और हमारी परंपरा को जीवित रखने के लिए आयोजित विशाल ईनामी दंगल आयोजन के आयोजक भूरा पहलवान एवं समस्त समिति को साधुवाद एवं सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दिया।

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यार्थियों ने किया पेंच नेशनल पार्क का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के इकोक्लब के तत्वावधान में विज्ञान संकाय के युवा विद्यार्थियों ने पेंच नेशनल पार्क का भ्रमण किया. पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं ने अपने भ्रमण के दौरान पेंच पार्क की फ्लोरा और फौना यानि वनस्पतियों और जीव जंतुओं का बेहद करीब से अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान हासिल किया।



कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण टीम को रवाना किया. प्राचार्य ने कहा कि प्राकृतिक स्थानों का भ्रमण पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण जगाता है। टीम प्रभारी डॉ. वर्षा जैन ने कहा कि मनुष्य, प्रकृति का एक अनमोल हिस्सा है। भ्रमण के जरिये हम प्राकृतिक दुनिया और उसमें रहने वाले जीवों को समझ सकते हैं. टीम प्रभारी डॉ. टी.पी. सागर ने बताया कि प्राकृतिक स्थानों के भ्रमण से विद्यार्थियों में नई उर्जा का संचार होता है. पेंच नेशनल पार्क पहुंचकर इकोक्लब प्रभारी डॉ. संदीप शुक्ला ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।

बताया कि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए पेंच नेशनल पार्क जैव विविधता का बहुत बड़ा खजान्ना है. कहा कि नेचर विजिट ट्रिप माइंड वैलनेस और हैप्पीनेस बढ़ाती है. अपने भ्रमण के दौरान विज्ञान संकाय के लगभग 50 छात्र छात्राओं ने वैज्ञानिक तरीके से वनस्पतियों को समझा और वैज्ञानिक विधियों से उनका अवलोकन किया. विज्ञान सम्मत तरीकों से जीव जंतुओं के आगामी अध्ययन के लिए कुछ नमूने भी अपने साथ लेकर लाये। भ्रमण टीम में डॉ. प्रमोद चतुर्वेदी, डॉ. मनीषा सोनेकर, सोनू मसराम सहित विज्ञान संकाय के प्राध्यापक और अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# डुण्डासिवनी पुलिस ने किया मोटर साईकिल चोर को गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता शहर मे हो रही वाहन चोरी एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है के कुशल नेतृत्व मे आरोपियो पर सख्त कारवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में सम्पत्ति संबंधी अपराधो व वाहन चोरी को गंभीरता से लेते हुये सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 19.01.2026 वाहन चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की मोटर साईकिल चलाते आया जिसे चैकिंग के दौरान रोककर मोटर साईकिल की कागजात पूछने पर नही होना बताया नाम पता पूछने पर वंशज पिता अनिल कुमार ठाकुर उम्र 23 साल निवासी कटंगी नाका थाना कोतवाली का होना बताया जिससे सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी की मोटर साईकिल होना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 02 मोटर साइकिल चोरी की विधीवत जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई। नाम आरोपीः- वंशज पिता अनिल कुमार ठाकुर उम्र 23 साल निवासी कटंगी नाका थाना कोतवाली जप्त मशरूका- मोटर साईकिल क्रमांक नं.1 हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक **MP**-22-**MA**- 5127, **MP**-51-**MV**-1346 कुल कीमती 50,000/- रूपये। सराहनीय कार्यः- निरीक्षक चैनसिंह उइके, सउनि. निसार खान, प्रधान आरक्षक रणजीत पटले, संजय यादव आरक्षक नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, अनुराग दुबे, केसरीनंदन ऐडे, रवि धुर्वे, अखिलेश माहोरे।




### इधर, कोतवाली पुलिस ने प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपी पहुंचाया जेल

**सिवनी।** कोतवाली पुलिस द्वारा क्रिकेट के विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। उल्लेखनीय है कि दिनांक 02/01/2026 को प्रार्थी समीर खान निवासी गांधी वार्ड नया मोहल्ला सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 01/01/2026 की रात्रि करीबन 10/00 बजे सैजान उर्फ सैजू खान, सैफ अली खान, नवीस खान द्वारा क्रिकेट में विवाद को लेकर प्रार्थी समीर खान एवं उसके छोटे भाई उवैस खान के साथ चाकू, बैट एवं हाथ मुक्के से प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल करने पर सभी आरोपियों के विरुध्द धारा 296 (बी), 109(1), 115(2), 118(1), 351(2),3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी फरार आरोपियों की संभावित लगातार तलाश पतासाजी की जा रही थी जो आज दिनांक 18/01/2025 को घसियारी मोहल्ला में इमरान अली के मकान में सभी आरोपियों के छुपे होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ा कर गिरफ्तार किया जाकर सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां माननीय न्यायालय द्वारा सभी न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

# रात के अंधेरे में धान की बोरियों में 'पानी की सिंचाई', बढ़ाया जा रहा धान का वजन

**जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया अब सवालों के घेरे में आ चुकी है। जिस व्यवस्था को किसानों की मेहनत की सही कीमत दिलाने के लिए बनाया गया था, वहीं अब कुछ खरीदी केंद्रों में धान का वजन बढ़ाने के लिए पानी डालने का खेल खुलेआम खेला जा रहा है।**



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

यह पूरा काला कारनामा रात के अंधेरे में, पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, कई धान खरीदी केंद्रों में धान की बोरियों में मोटर लगाकर पानी डाला जा रहा है, ताकि वजन बढ़ाकर सरकारी रिकॉर्ड में अधिक मात्रा दर्शाई जा सके। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान खरीदी केंद्रों की लाइटिंग तक बंद कर दी जाती है, ताकि कोई इस गोरखधंधे को न देख सके। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, जैसे ही भंडारण केंद्र के ट्रक आने का समय नजदीक होता है, उससे कुछ घंटे पहले ही धान की बोरियों में पानी डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है।

यह भी सामने आया है कि वेयरहाउस से जुड़े कुछ जिम्मेदार अधिकारी भी इस खेल से अनजान नहीं हैं, बल्कि परोक्ष रूप से इस पूरे फर्जीवाड़े को संरक्षण मिल रहा है।

कई मामलों में ट्रकों के बीच की बोरियां अत्यधिक गीली पाई गईं, जिस पर वेयरहाउस में तैनात सर्वेयर ने आपत्ति दर्ज की और धान की पूरी खेप वापस खरीदी केंद्र भेज दी गई। यह साफ संकेत है कि मामला सिर्फ अफवाह नहीं, बल्कि वास्तविक और गंभीर है।मामला ग्राम आष्टा के धान खरीदी केंद्र का है, जहां महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित केंद्र में रात के अंधेरे में खड़ी और सिली बोरियों में पानी डालते हुए वीडियो और फोटो बनाए गए।

ग्राम के जागरूक नागरिक ने यह सबूत तत्काल अधिकारियों को सौंपे, लेकिन उस समय कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

अगले दिन जब कृषि विभाग और नायब तहसीलदार ने जांच की तो पाया गया किः बोरियां नीचे से गीली थीं कई बोरियों का वजन 42 किलो तक पाया गया, जबकि मानक वजन इससे कम होता है यह सीधे-सीधे सरकारी धन की हेराफेरी और धान खरीदी में घोटाले की ओर इशारा करता है।

### इनका कहना

हमारे द्वारा जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। कार्रवाई करना विभाग का काम है।

**नायब तहसीलदार, बरघाट**

जांच कर प्रतिवेदन एसडीएम साहब को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जानी है।

गजरथ महोत्सव के छठवें दिन ज्ञान कल्याणक हुआ संपन्न

# विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने भेंटकर लिया आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर में विगत 14 जनवरी से शुरू हुआ गजरथ महोत्सव में छठवें दिन ज्ञान कल्याणक संपन्न हुआ जिसकी शुरुआत प्रातः 6:00 बजे से पत्र शुद्ध अभिषेक शांति धारा नित्य पूजन जन्म कल्याणक पूजन शांति हवन आचार्य श्री जी पूजन एवं आशीर्वचन वही सुबह 8:30 बजे से नव दीक्षित महामुनि राज की आहार चर्या पंचायत , दोपहर 1:00 बजे ज्ञान कल्याणक की



आंतराइक संस्कार प्राण प्रतिष्ठा सूरी मंत्र,केवलज्ञानोत्पति, समवशरणरचना ,केवलज्ञान कल्याणक पूजन श्रीजी की दिव्य देशना दिव्य ध्वनि प्रसारण एवं शाम 6:30 बजे संगीत में महा आरती सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं इसके पूर्व दोपहर सेठ सेठानी की तीर्थ वंदना 12 भावनाओं का जापती , संभल भावना कल्याणकारी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रस्तुति एवं सीता की अग्नि परीक्षा की प्रस्तुतियां दी गई वही आर्य का श्री 105 भगवान मति माताजी ससंघ के प्रवचनों का श्रवण बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया साथ दोपहर गजरथ महामहोत्सव में क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह उनके चाचा ठाकुर रामजियन सिंह के साथ पहुंचकर मुनि श्री 108 नीरज सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्मदसागर जी महाराज भेंटकर आशिर्वाद लिया।

# जिले में मक्का के रेट गिरने से किसान परेशान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस समय पूरे सिवनी जिले में मक्के का भाव इतने कम हो गए हैं कि जिले का किसान उत्पादन करने के बाद भी अपने हाल पर रो रहा है क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार ने मटके का भाव 2400 रुपया प्रति कुंटल के भाव से घोषित करने के बाद भी 1400, 1500, और 1600 , प्रति कुंटल जा रहा है जो कि किसानों के साथ विश्वास घात है यदि सरकार चाहती तो 2400 का रेट देती और जो भी व्यापारी 2400 से कम में मक्के की खरीदी करता उस पर कार्यवाही की गई होती।

इसीलिए अखिल भारतीय किसान सभा सिवनी के जिला अध्यक्ष डीडी वासनिक सहित राजेंद्र जायसवाल डॉक्टर बी सी ओके राजेंद्र चौहान अरी, अशोक साहू कान्हीवाड़ा , समद खान कुरई, रामचंद्र शर्मा लखनादौन, तीरथ प्रसाद गजभिए बरघाट प्रीतम सिंह वीके मोहगांव अंगद सिंह बघेल जैतपुर कला पवन सनोदिया आदि ने जिला कलेक्टर सिवनी एवं मध्य प्रदेश शासन से मांग की है कि मक्का का रेट शासन के घोषित रेट पर खरीद जावे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

# मध्यप्रदेश शासन की उपलब्धियां ,जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान

**धनौरा।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की निर्देशानुसार विकासखंड धनौरा में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद धनोरा जिला सिवनी के द्वारा विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनि स्कूल धनौरा जिला सिवनी में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पूजन पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना सभी उपस्थित जनों द्वारा की गई तत्पश्चात उपस्थिति अतिथियों का स्वागत का स्वागत किया गया।




स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणा गीत बीएसडब्ल्यू की छात्रा माधुरी चौधरी व पूनम बकोडे द्वारा गया। सर्वप्रथम श्याम उईके विकासखंड समन्वयक द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का उद्देश्य अतिथियों के समक्ष रखा गया जिसमें विकासखंड स्तर कार्यक्रम का उद्देश्य एवं सेक्टर और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें शासन की उपब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं को जाना जन तक पहुंचाया जाएगा।

एपीओ भूपेंद्र राजपूत जनपद पंचायत धनोरा द्वारा शासन की संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। बीएसी शिक्षा विभाग सुरेश शाक्यवार जी द्वारा शिक्षा विभाग की जानकारी दी गई। खैरसिंह कुमरे जनपद सदस्य द्वारा जनअभियान के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में उपस्थितजनों को विस्तार से समझाया।

# हथनापुर में विशाल हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

मंडल हथनापुर अंतर्गत ग्राम हथनापुर में विशाल हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता महाकुंभ का जन सैलाब उमड़ पड़ा,3500 से ऊपर लोगों ने कार्यक्रम एवं सामाजिक समरसता भोज का आनंद लिया,नेत्र शिविर में 110 मरीजों को देखा गया,शाम 5 बजे से प्रारंभ भोज देर रात्रि 9.30 बजे तक चलता रहा। मात्र शक्ति वक्ता दीदी मनीषा चौहान ने पर्यावरण एवं कुटुंभ प्रबोधन पर अपनी बात समाज जनों तक पहुंचाई,शहडोल जिले से पधारे क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख गंगा राजीव पांडे ने हिंदू हिंदुत्व,संघ यात्रा पर प्रेरक उद्बोधन दिया,अंत में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे गुजरात की भूमि में जन्में,परमहंसी से शंकराचार्य के परम कृपा पात्र शिष्य गीता महामनीषी निर्विकल्प स्वरूप महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए।

### दंगल आयोजन मे सुजीत जैन हुए सम्मिलित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

भैरोगंज महाविद्यालय में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत जैन सिवनी नगर के उप नगरीय क्षेत्र भैरवगंज स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के दंगल में अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत जैन सम्मिलित हुए प्रतिष्ठित पहलवानों के दंगल में उपस्थिति एवं प्रदर्शन का आनंद लिया।



अत्यधिक बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचने के बाद भी खरीदी केंद्रों पर धान की भरपूर आवक

## पिछले वर्ष से 6% अधिक हुई की धान खरीदी!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण कई गाँवों में फसलों को नुकसान पहुँचा है। इसके बावजूद, धान खरीदी के अंतिम दिन से पहले जारी आँकड़ों के अनुसार, जिले में पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है।

यह स्थिति धान खरीदी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है। दो दिन पूर्व ही जबलपुर से मंडला पहुँची व्यापारी की धान को बालाघाट जिले के खरीदी केंद्रों में खपाने की पुष्टि हुई थी। हालांकि, बिचौलियों के माध्यम से कितनी धान उपार्जन केंद्रों में खपाई गई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रशासनिक विभाग ने स्वयं 32 ट्रकों से 6 हजार क्विंटल से अधिक धान खपाए जाने की आशंका जताई है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित एक बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अतिवर्षा से फसल नुकसान के बावजूद जिले में गत वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक धान की खरीदी हुई है। किसानों को खरीदी गई धान के



एवज में 1423 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है, जिसमें से 1128 करोड़ रुपये के ईपीओ जारी किए जा चुके हैं और 1055 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। हालांकि, अधिकारियों ने यह जानकारी नहीं दी कि कुल कितनी धान खरीदी गई है और कितना परिवहन हो चुका है।

कलेक्टर मृणाल मीना ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी पूरी हो चुकी है, उन्हें तत्काल बंद किया जाए। 20 जनवरी को धान खरीदी की अंतिम तिथि को देखते हुए, किसी भी केंद्र पर बारदाने की कमी के कारण खरीदी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खरीदी केंद्रों से धान का तेजी से उठाव कर वेयर हाउस के गोदामों तक पहुँचाने और किसानों का भुगतान शीघ्रता से करने के भी निर्देश दिए।

## कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा

### जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई 2 बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में जिला अस्पताल से छह दिनों के भीतर दो बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने हट्टा थाना क्षेत्र के सुसवा निवासी अक्षय पिता देवराम ब्रम्हें को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर दोनों चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस के अनुसार, 10 जनवरी और 16 जनवरी की रात को जिला अस्पताल से दो बाइके चोरी हुई थीं। इन घटनाओं की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान, कोतवाली पुलिस ने पुराने अपराधियों और जेल से रिहा हुए आरोपियों की गतिविधियों की पड़ताल की। इसके साथ ही, पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

मुखबिरों से मिली जानकारी और फुटेज के आधार पर पुलिस को संदेही आरोपी के बारे में पता चला। पुलिस



ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने दोनों बाइकें चोरी करने की बात कबूल कर ली।

कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धुमकेती ने बताया कि आरोपी की स्वीकारोक्ति के बाद उसकी निशानदेही पर दोनों चोरी की बाइके बरामद कर ली गई हैं। आरोपी मूल रूप से सुसवा का निवासी है, लेकिन वर्तमान में वह भरवेली थाना क्षेत्र के हीरापुर इमलीटेकरा में रह रहा था। पुलिस आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य चोरियों का खुलासा होने की संभावना है।

## बेहरई के 4 लड़कों का सीमा सुरक्षा बल में चयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरई के 4 लड़कों का सीमा सुरक्षा बल जवान में चयनित होने पर पूरे गांव में खुशी एवं गर्व का माहौल है। जिसमें BSF में नितिन (भारत) पटले पिता नारायण पटले, BSF में निशांत लिमझे पिता दिलीप लिमझे, CiSF में समीर घोटीवार पिता शोभाराम घोटीवार, CRPF में दीपक पटले पिता मानिक पटले चयन हुआ है। ये चारों गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। एवं खेती किसानी तथा मजदूरी करते हैं। और अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक कठिनाइयां के बावजूद इन्होंने कभी अपने लक्ष्यों से समझौता नहीं किया। और निरंतर प्रयास कर मेहनत करते हुए देश सेवा का सपना साकार किया। इन चारों की इस सफलता को लेकर उनके स्नेहीजनों, परिवार व ग्राम वासियों में उत्साह का माहौल है।






वहीं सरपंच श्रीमती शारदा दिलीप टेम्भरे एवं रामप्रसाद बघेले स्थाई पटेल साहब का कहना है कि यह बेहरई के लिए बहुत ही गर्व की बात है। जिससे परिवार व ग्राम का नाम रोशन होता है।इन चारों की सफलता से गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा है। जो विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़कर सफलता का मार्ग दिखाती है। इन चारों लड़कों के उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मातृभूमि की सेवा का यह पावन अवसर उन्हें यश सम्मान और सफलता की नई ऊंचाई तक ले जाए। इन चारों लड़कों की सफलता पर ग्राम वासियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं।

## नंदोरा वीट कक्ष क्रमांक 206 में अनुभूति कार्यक्रम "हम है धरती के दूत" थीम पर हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** नित्यानंदन एवं वन मंडल अधिकारी दक्षिण वन मंडल बालाघाट वन परिक्षेत्र किरनापुर के अन्तर्गत बीट कक्ष क्रमांक206 नंदोरा (घोघरा घाट) पर वन विभाग को अनुभूति कार्यक्रम के तहत मैं भी बाध थीम पर जगंल भ्रमण एवं प्रकृति के बारे में जागरुक किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर एवं इको पर्यटन विकास बोर्ड के मान्यम से अनुभूति कार्यक्रम 19 जनवरी 26 को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री जे. डी. खरे की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसने शास. उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर व पीएं श्री हायर सेकेंडरी स्कूल किरनापुर के छात्र-छात्राओ को अनिश चार्ल्स द्वारा

छात्र-छात्राओ को जंगल एवं वन्य प्राणीयो सहित समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस कार्यक्रम में पहुंचकर श्रीमान छात्र-छात्राओं को वन एवं पेड़ पौधो की महत्व को बताते हुए वन एवं वन्य प्रणीयो के बारे में बहुत सी जानकारियां देते हुए संबोधित कर छात्र छात्राओ को पुरुस्कृत किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में जगल में जड़ी-बूटी एवं पेड़ पौधों की



उपयोगिता एवं आयुर्वेद में उपयोग के बारे में बताया गया। परन्तु उसकी पहचान वही लोग कर पाते है जिसको इस बारे में पता होता है इस प्रकार यह जगंल हम सभी से जुड़ा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कर भाग लेने वाले छात्र-छात्राओ कोई प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बच्चों को दिए गए उपहार केले के पत्ते में लपेट कर दिए गए ।और सजावट के लिए फूल तथा पत्तियों का उपयोग किया गया बैनर भी कपड़े पर छपवाए गए ताकि प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह से टाला जा सके, इस कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि इसे पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त रखा गया जो वन विभाग की प्लास्टिक उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है इस कार्यक्रम के दौरान बैठने की व्यवस्था बांस से की गई । पुरस्कार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सुरेश निन्हावे बटकरी, गोविंदराव तुरकर,, विनोद बिंझाड़े बटामा, नंदकिशोर उइके किरनापुर, संतोष सोनवाने ककोड़ी, संतोष पारधी लोढांगी, मधुसूदन शेन्डे वनपाल, मुकेश पन्द्रे,शोभाराम मराठे वनरक्षक, अनिल मेश्राम वनरक्षक , गुड़ निधि मरावी, चौबेलाल पन्द्रे, विनय सुलाखे ,कृपाराम वर्मा, हरि कृष्ण गुरदे ,द्वारिका प्रसाद मिश्रा, प्रेमजीत यादव,राजेश यादव दिगंबर दयाल यादव, रतन सिंह ठाकुर,इस अवसर पर समितियां के अध्यक्ष श्रवणलाल रांहगडाले वन समिति अध्यक्ष कंडराकला, श्रीमती कुन्तन बाई पटले जनपद सदस्य, रजनीश मास्कोले अध्यक्ष वन समिति आली टोला, इस कार्यक्रम में वन विभाग के समस्त कर्मचारी एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाए , स्वास्थ्य विभाग का सहयोग सराहनीय रहा।

## स्व. श्री लोक राम जी बोहरे की स्मृति में ग्राम पंचायत देवगांव के तत्वाधान में टेनिस बाल प्रतियोगिता का हुआ फाइनल मैच

**किरनापुर।** मुख्यालय से 07 किलोमीटर दूर ग्राम देवगांव के हाई स्कूल ग्राउंड में 17 जनवरी दिन रविवार 2026 को देवगांव प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र (गुड्डा) चौधरी, संदीप तुरकर, सरपंच लक्ष्मण बेलेकर, उप सरपंच हरिश्चंद्रदौनोड़कर, पूर्व सरपंच योगेश बोहरे , पुलिस पटेल चितरंजन बोहरे, ईपिन ठाकरे, हाई स्कूल प्राध्यापक गौतम सर ,योगेश बाबूलाल बोहरे, संजय चौधरी, पूर्व सरपंच मुंशी राम पटले ,लोकेश बोहरे ,सुखचंद बेलेकर ,कप्तान अभय बेलेकर ,उप कप्तान आशीष भंडारकर, ज्ञानेंद्र रेडीमेड के मालिक हिरकने, व समस्त देवगांव के क्रिकेट टीम उपस्थित थीं इस मैच में देवगांव और खैरगांव क्रिकेट टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिस मुकाबले में खैर गांव की टीम ने प्रथम पुरस्कार 26 ,666 रूपए अर्जित किया, व द्वितीय पुरस्कार देवगांव की टीम को 13,333 रुपए अर्जित किया गया!सभी ग्राम वासियों ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 16वीं मध्य प्रदेश इंडियन कराटे चैंपियनशिप में बालाघाट के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**बालाघाट।** बालाघाट में 16वीं मध्य प्रदेश इंडियन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन जिला इंडियन कराटे संघ बालाघाट के मार्गदर्शन में हरी मंगलम लॉन में किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के लगभग 30 जिलों से करीब 450 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मुलना स्टेडियम स्थित जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र के 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। बालाघाट के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों में मेघ बिसेन, विजय चौधरी, सैयद अहील अली एवं कृतिका सोनवाने शामिल रहे। वहीं ईशान सोनवाने, मानस अविनाशी एवं तिव्षा सोमनकर ने रजत पदक प्राप्त किए, जबकि धुंवाक असाटी ने कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में आदित्य राणा, शिवाय वासनिक, उन्नति मारबडदे एवं अनवी सनोडिया का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में कराटे संघ के संरक्षक श्री देवेंद्र चंदेल, अध्यक्ष श्री तपेश असाटी, जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री शैलेंद्र यादव, श्री ओम प्रकाश दमाहे (एबी फिटनेस ग्रुप), श्री अजय ठाकुर (आकाशवाणी), श्री कमल किशोर तलाशे (आदिवासी विकास विभाग), सीनियर खिलाड़ी श्री प्रणय लांजेवार, श्री दिनेश कोरे (सचिव कराटे संघ), श्री रूपेंद्र बनकर, खेल विभागीय कर्मचारी श्री योगेंद्र पटले, श्री केदार नाथ ठाकरे, श्री धीरज, क्रिकेट कोच श्री शशि वर्मा, बाल कोच श्री नईम खान, श्री सुनील यादव, खेलो इंडिया कोच आशु मैडम, समस्त युवा समन्वय बालाघाट एवं वॉलीबॉल कोच मोहसिन भाई सहित अनेक प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। समारोह में सभी अतिथियों ने कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन एवं खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

भ्रष्टाचारी सरपंच, सचिव, उपयंत्री पर कब गिरेगी कार्यवाही की गाज

## प्रशासन से सवाल.! भांडामुर्री डगवेल मामले मे गबन तय पर भ्रष्टाचारियों को रियायत क्यों

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत भांडामुर्री में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत डगवेल (रिचार्ज पीट) योजना के सफल क्रियान्वयन में सरपंच छाया मेश्राम प्रभारी सचिव संतोष जुगनाके उपयंत्री राजेंद्र मुड़िया द्वारा शासन से जालसाजी कर कूटरचित तरीके से कार्य पूर्ण किए बिना ही राशि का आहरण कर गबन किया गया है उक्त गंभीर मामले की जांच में जिला स्तरीय जांच दल के प्रतिवेदन मे भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है निर्माण केवल कागजों में ही हुआ जमीन पर नहीं। फिर भी गबन के मामले में नोटिसो का दौर जारी है और लापरवाही की हद पार करने वाले भ्रष्टाचारी नोटिस का जवाब देना तक मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi - 24 Dec 2025 - Page 2
सरपंच छाया मेश्राम, रोजगार सहायक, संतोष जुगनाके उपयंत्री, राजेंद्र मुड़िया को कारण बताओं नोटिस
बनाया रिचार्ज पिट (डगवेल) डकार ली राशि

**भ्रष्टाचार उजागर, गबन तय. भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही शून्यः** ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे सरपंच सचिव के द्वारा ग्राम विकास के नाम पर किए गए घोर भ्रष्टाचार की शिकायत ग्राम पंचायत के उप सरपंच सहित पंच और ग्राम के जागरूक युवा अरुण ठाकरे द्वारा नवंबर महीने में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा से की गई थी। प्रस्तुत शिकायत पर जनपद स्तर पर जांच दल का गठन कर जांच की गई वही मीडिया रिपोर्ट्स पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जांच दल का गठन कर जांच करवाई गई जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए जांच अधिकारियों ने अपने प्रतिवेदन मे यह अभिमत दिया कि ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे रिचार्ज पिट (डगवेल ) का निर्माण नहीं कराया गया फर्जी बिल लगाकर शासन की राशि का आहरण कर योजना में पलीता लगाकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। फिर भी जिला प्रशासन शासकीय योजनाओं में पलीता लगाने वाली सरपंच छाया मेश्राम,प्रभारी सचिव संतोष जुगनाके, उपयंत्री राजेंद्र मुड़िया पर भ्रष्टाचार सिद्ध होने के बावजूद भी कार्रवाई शून्य है और ऐसा प्रतीत होता है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ इन भ्रष्टाचारियों पर मेहरबान है.? और भ्रष्टाचारियों को बचाने का कार्य कर रहे हैं कोई ठोस कार्रवाई का नहीं होना उनकी कार्य शैली पर सवाल हैं.?

**नहीं दिया कारण बताओं नोटिस का जवाबः** ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे रिचार्ज पिट (डगवेल) घोटाले मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट द्वारा पत्र क्रमांक 8795 दिनांक 22.12.2025 को सरपंच छाया मेश्राम, प्रभारी सचिव संतोष जुगनाके, उपयंत्री राजेंद्र मुड़िया को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरण के संबंध में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे बावजूद 25 दिन बीत गए। ना तो सरपंच,सचिव,उपयंत्री द्वारा कोई जवाब दिया गया है और ना ही सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा भ्रष्टाचारी सरपंच सचिव और उपन्यत्री के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई के लिए कदम उठाए गए है। आखिर कब गिरेगी भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की गाज.. शिकायतकर्ताओ और ग्राम वासियों को इस दिन का है इंतजार।

### इनका कहना हैं



हमारे द्वारा ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत की गईं थी जनपद स्तर और जिला स्तरीय जांच दल द्वारा जांच की गई जिसमें शिकायत सही पाई गई है. हम चाहते हैं कि भ्रष्टाचार में लिप्त सभी दोषियों पर बराबर की कार्रवाई की जाय।

**कन्हैया यादव,**
**ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री**

वर्षों से स्ट्रीट लाइट और पक्की सड़क के लिये तरस रहे बिगारीबर्रा के रहवासी

## बालाघाट सिवनी मार्ग से लगा ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री का बिगारीबर्रा

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** जंगल से लगे ग्राम भाण्डामुर्री के बिगारीबर्रा मे दो वार्ड है पर आज भी यहां के वार्ड वासी सीसी सड़क का निर्माण और स्ट्रीट लाइट लगने का वर्षों से इंतजार कर रहे हैं अनेकों सरपंच आए और गए लेकिन जंगल के समीप हिंसक वन्यजीवों के बीच रह रहे रहवासियों की किसी भी जनप्रतिनिधियों ने सुद तक नहीं ली जो भी आया उसने भरोसा ही दिया कि आपकी मूलभूत जरूरत सीसी सड़क और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कर दी जाएगी. मुंगेरीलाल के सपने दिखाएं. आज स्थिति यह है कि बिगारी बर्रा अंधेरे में और जंगल के समीप होने के बावजूद भी स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि शेर तेंदुआ और हिंसक जानवर कभी भी बस्ती में घुस जाते हैं और मवेशियों का शिकार कर लेते हैं



रात के अंधेरे में हमें उठने डर भी लगता है अगर टोले में स्ट्रीट लाइट हो जाए तो जंगली जानवरों का गांव के इर्द-गिर्द घूमना कम हो जाएगा जिससे निवासरत गरीबों को जान माल की हानि का डर नहीं रहेगा।

**सरकार के खोखले दावे. ? ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचितः** ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री निवासी रमेश तेकाम, सुरेश महाले, शेखर मेश्राम, सुंदर, किशोर ने मीडिया को बताया कि हमारा टोला जंगल से चंद दूरी पर बसा है सड़क के उस पार घना जंगल हिंसक जानवर शेर तेंदुआ भालू व अन्य जानवरों का विचारण क्षेत्र है यहां पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है और नाही पक्की सड़क का निर्माण किया गया है वर्षों से हम लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं पर हमारी मांग पर कोई भी जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे है हमारी मांग है कि जिला प्रशासन, सांसद, विधायक और संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हमारी समस्या पर ध्यान दें और स्ट्रीट लाइट और सीसी सड़क के लिए निर्माण की पहल करें।

## रानीकुठार में दो दिवसीय मेला व कबड्डी प्रतियोगिता 31 से

**लालबर्रा।** मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत रानीकुठार अंतर्गत धार्मिक पर्यटक स्थल कव्हरगढ़ (रानीकुठार) में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी मेला महोत्सव समिति व जय हिन्द क्लब रानीकुठार के तत्वाधान में आगामी 31 जनवरी से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। उक्ताशय जानकारी देते हुए मेला समिति सचिव चिन्तेश एड़े ने बताया कि बताया कि मेले का शुभारंभ 31 जनवरी को प्रातः 11 बजे स्थाई पटेल राजेंद्र परिहार के मुख्य अतिथि, उपसरपंच सावनलाल सलामें की अध्यक्षता एवं ग्राम विकास समिति पूर्व अध्यक्ष रूपलाल एड़े, जल उपभोक्ता संथा रानीकुठार पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल गौतम, वरिष्ठ नागरिक महारूलाल उइके, गणेश प्रसाद नागेश्वर, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष इंद्रजीत ऊईके के विशेष आतिथ्य में किया जायेगा।

## कृषको की आर्थिक स्थिती सुधार हेतू रबी के लिए पानी मिलने की मांग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हली के सामाजिक कार्यकर्ता एंव समाजसेवी शरद पांडे के द्वारा राजीव सागर बांध का पानी रबी फसल के लिए जल संस्था चिचोली, सालटेका, खुर्सीपार को पानी दिए जाने की मांग की। जिसके लिए विगत दिवस जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन को अनुरोध पत्र सौपकर इन संस्था को रबी की फसल लगाने के लिए कृषको पानी दिए जाने की मांग की । समाजसेवी शरद पांडे ने बताया की कृषको की आर्थिक स्थित सुधार करने हेतू जल संस्था चिचोली, खुरसीपार, खरखडी, कटोरी, सालटेका को रबी फसल के लिए पानी दिया जाए। बताया की पूर्व मैं चिचोली जल संस्था का अध्यक्ष रहा हू।इस सस्था मे 40 वर्ष से सिंचाई के लिए पानी नही मिला था, मेरे प्रयास और अधिकारीयो के सहयोग से अपने कार्यकाल में भरपूर पानी पहुंचाया हू। बताया की राजीव सागर बांध से इन जल संस्था में रबी फसल लगाने के लिए पानी नही दिया जाता है। कृषको की आर्थिक स्थित सुधार करने के लिए रबी फसल लगाने के लिए पानी दिए जाने की मांग की है। जिसके लिए जन सुनवाई में अनुरोध पत्र सौपकर सामाजिक कार्यकर्ता व समाज सेवी शरद पांडे के द्वारा मांग की।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-बालाघाट(म.प्र.)**

क्रं./352/अति.कले./वि.अधि./2024
बालाघाट, दिनांक 15/01/2026
::आम-सूचना::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डेविड व्यंकटराव चनाप उम्र 30 वर्ष पिता श्री व्यंकटराव चनाप निवासी लामता कोरोंपोरेशन कॉलोनी जिला बालाघाट (म.प्र.) एवं आवेदिका लावन्या एस.पी उम्र 29 वर्ष पिता श्री नागनाईक एस.पी निवासी लामता कोरोंपोरेशन कॉलोनी जिला बालाघाट (म.प्र.) द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 अन्तर्गत आशयित विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना / आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है। उक्त आशयित विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना की एक प्रति इस इस्तहार के साथ संलग्न प्रेषित है। उक्त प्रकरण की नियत सुनवाई दिनांक 04/02/2026 नियत है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/जनसाधारण को आवेदकगण के विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति स्वयं व अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष नियत सुनवाई दिनांक 04/02/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला बालाघाट(म.प्र.)**